# 24 घंटे में खत्म करें सभी काम : सीएम

## मुख्यमंत्री ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजन स्थल का किया निरीक्षण

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को वृंदावन योजना स्थित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) के मुख्य आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने तैयारी में अहम भूमिका निभाने वाले अफसरों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि 24 घंटे के अंदर सभी कार्य समाप्त किए जाएं।

उन्होंने आला अफसरों को कहा कि कार्यक्रम स्थल पर बनाए जा रहे पार्क को नैमिष कुंड की तरह बनाएं। उन्होंने कुछ जगह पर हाई मास्ट एवं लाइटिंग करने के भी निर्देश एलडीए को दिए हैं।

उधर, सीएम ने खासतौर पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री समेत अन्य वीआईपी मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्री नंद गोपाल नंदी और मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के साथ गोल्फ कार्ट से जीआईएस के मुख्य कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। -संवाद

### गोल्फ कार्ट से लिया जायजा

रविवार शाम को सीएम वृंदावन योजना के मुख्य आयोजन स्थल पहुंचे। उन्होंने औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी और तमाम बड़े अधिकारियों के साथ गोल्फ कार्ट पर सवार होकर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। सीएम ने मुख्य आयोजन स्थल के समीप बने जलाशय के पास पौधरोपण भी किया। सीएम ने विभिन्न ब्लॉकों और हैंगर्स का निरीक्षण किया। सीएम ने करीब आधे घंटे तक आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। उनके साथ मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास विभाग अरविंद कुमार, डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान और मंडलायुक्त रोशन जैकब समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### आयोजन स्थल को सात ब्लॉक में बांटा

कार्यक्रम स्थल को सात ब्लॉकों में बांटा गया है। पहले ब्लॉक में पीएम मोदी कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे, जहां दस हजार से अधिक लोग होंगे। इसके बगल में ही वीआईपी लाउंज, पार्टनर कंट्रीज, इंडस्ट्री पार्टनर और नॉलेज पार्टनर्स के लाउंज के साथ ही फूड कोर्ट है। इसी से सटाकर दूसरा ब्लॉक बनाया जा रहा है, जिसमें चार हैंगर हैं। इन हैंगर में एक साथ सुबह से रात तक विभिन्न विभागों के सत्र चलेंगे, जिसमें निवेशक शामिल होंगे। हर हैंगर में ढाई सौ लोगों के बैठने की व्यवस्था है। तीसरे ब्लॉक में मीडिया सेंटर बनाया जा रहा है। इसके साथ ब्लॉक में यूपी इन्वेस्ट का ऑफिस और पुलिस कंट्रोल रूम बनाया गया है। चौथा ब्लॉक प्री फंक्शन के लिए तैयार किया गया है, जहां विभिन्न प्रकार की कल्चरल एक्टिविटी होंगी। वहीं पांचवां ब्लॉक ड्रोन शो के लिए तैयार किया जा रहा है। छठवां ब्लॉक बी2जी मीटिंग्स के लिए है, जहां निवेश प्रस्तावों और एमओयू को फाइनल किया जाएगा। वहीं सातवां और अंतिम ब्लॉक एग्जिबिशन के लिए तैयार किया जा रहा है, जिसमें कुल 11 हाल होंगे। प्रत्येक हॉल में विभिन्न सेक्टर पर अलग-अलग सेशन पर चर्चा होगी।